11. नियमानुसार परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 35 अंक अथवा उससे अधिक होने चाहिए । किंतु किसी एक प्रश्न पत्र में 35 से कम अंक अर्जित करने वाले परीक्षार्थियों को पूरक घोषित किया जाएगा । इसके अतिरिक्त उत्तीर्ण होने के लिए आंतरिक / मौखिक परीक्षा में भी 35 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है हिंदी प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ, प्राज्ञ बैंकिंग एवं पारंगत परीक्षाओं में उन्हीं परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण किया जाएगा जो तीनों प्रश्न-पत्रों में 35-35 अंक अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त करेंगे । जिन परीक्षार्थियों ने किसी एक प्रश्न-पत्र में 35 से कम अंक प्राप्त किए हैं उन्हें परीक्षा में पूरक घोषित किया जाएगा ।

**हिंदी प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ, प्राज्ञ बैंकिंग एवं पारंगत परीक्षा के किसी एक प्रश्न-पत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी को अन्य परीक्षार्थियों की तरह आगामी नवंबर, 2016 के लिए आवेदन भरना होगा तथा उन्हें अपने आवेदन-पत्र पर अपना पुराना अनुक्रमांक (मई, 2016 में हुई परीक्षा में दिया गया अनुक्रमांक) देना होगा । अनुक्रमांक के साथ यह भी उल्लेख करना होगा कि परीक्षार्थी किस प्रश्न-पत्र में पूरक घोषित किया गया । ( पूरक I, II अथवा III )**

| पूरक परीक्षा | | |
|---|---|---|
| I | II | III |
| | | |

पूरक परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के आवेदन-पत्र पर पुराने अनुक्रमांक के साथ यह भी उल्लेख करना होगा कि उक्त परीक्षार्थी अनुक्रमांक-------- मई, 2016 का परीक्षार्थी है । इन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तथा नामिनल रोल इस कार्यालय को अलग से भिजवाने का कष्ट करें उन्हें अन्य आवेदन पत्रों के साथ मिक्स कदापि न करें । मई, 2016 की परीक्षा में पूरक घोषित हुए जो परीक्षार्थी नवंबर, 2016 की पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे, उन्हें बाद में प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में तीनों प्रश्न-पत्रों की परीक्षा देनी होगी ।

पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले स्वत: संगठनों, निगमों, निकायों, बैंकों आदि के परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क के रूप में 10 रुपए का बैंक ड्राफ्ट "उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली" के पक्ष में भेजना होगा ।

**12. हिंदी भाषा के 5 दिवसीय कक्षा में पढ़ाई के अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम (Validation Course) के प्रशिक्षार्थियों के आवेदन-पत्रों को चिह्नित करके उन्हें अलग से उप निदेशक (परीक्षा) के कार्यालय में भिजवाने की व्यवस्था करें। इसके साथ ही उक्त प्रशिक्षार्थियों के नॉमिनल रोल को भी अन्य नॉमिनल रोल से मिक्स न करें बल्कि उन्हें अलग से चिह्नित करके उप निदेशक (परीक्षा) के कार्यालय में भिजवाएँ।**

13. जिस केंद्र पर परीक्षा देनी है, आवेदन-पत्र में इसका स्पष्ट उल्लेख अवश्य करें। इससे परीक्षा केंद्र बनाने में इस कार्यालय को सुविधा होगी। परंतु अपरिहार्य कारणों से यदि वांछित परीक्षा केंद्र का आबंटन न किया जा सका हो तो परीक्षा स्कंध द्वारा आबंटित परीक्षा केंद्र अंतिम होगा और वहीं उन्हें परीक्षा देनी होगी। दिनांक 21.10.2016 तक परीक्षा केंद्र परिवर्तन संबंधी पत्र स्वीकार किए जाएंगे और केवल उन्हीं मामलों पर विचार किया जाएगा जो परीक्षार्थी के स्थानांतरण अथवा अन्य कारण से उसके कार्यालय द्वारा अग्रेषित किए गए होंगे।

